हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026

12 जनगणना: 16 अप्रैल से ऑनलाइन पोर्टल होगा शुरू...

12 'नहीं मिल रही सरसों' एजेंसियों के हाथ दूसरे दिन भी रहे खाली



## खबर संक्षेप



### एक महिला सहित चार नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए सिरस जिले क्षेत्र से एक महिला सहित चार नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी गुरप्रीत, पवन कुमार, ओढां निवासी गुरप्रीत सिंह व पंजाब निवासी एक महिला के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा पुलिस गांव रोड़ी की तरफ जा रही थी। नहर पुल रोड़ी के निकट एक बाइक सवार युवक आया जो कि पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे दबोच लिया और तलाशी ली तो उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गांव धिगतानिया क्षेत्र से पवन कुमार को हेरोइन सहित दबोचा है।

### एनडीपीएस एक्ट का मुख्य सप्लायर गिरफ्त में

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस टीम ने एनडीपीएस मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार करक लिया है। आरोपी की पहचान सैनियान मोहल्ला निवासी रमन के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई नसीब खान ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रमन को दबोचा है। उन्होंने बताया कि आरोपी एनडीपीएसके मामलों में पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत शहर के विभिन्न थानों में चार मामले दर्ज हैं।

### मोबाइल, मोटर व एलसीडी चोरी का आरोपी काबू

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नंगथला निवासी विनोद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटर, एलसीडी व मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## डीसी ने हैफेड, डीएफएससी व कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों की ली बैठक

# किसान या नामित व्यक्ति ही फसल बेचेगा, बायोमेट्रिक होगा अनिवार्य

- फसल खरीद सीजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि रबी फसल खरीद सीजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। किसान स्वयं या उनके द्वारा नॉमिनेट व्यक्ति के द्वारा फसल बेच सकता है, जिसकी डिवाइस से बायोमेट्रिक सत्यापन होगा। मंडी में प्रवेश द्वार पर फसल लाने वाले वाहन की फोटो अवश्य ली जानी आवश्यक है। रबी फसल खरीद सीजन को लेकर डीसी डा. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली।



फतेहाबाद। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

डीसी ने एसडीएम सहित हैफेड, डीएफएससी, वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन, कृषि, कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक कर खरीद प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से फसल खरीद सुनिश्चित की जाए। बैठक में अधिकारियों ने अवगत करवाया कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार मंडियों व खरीद केंद्रों पर भंडारण, बारदाना तथा अन्य आवश्यक संसाधनों के पर्याप्त प्रबंध कर लिए गए हैं। फसल खरीद, उठान और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए समन्वित कार्य योजना लागू की जा रही है, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।

डीसी डा. भारती में सभी मार्केट कमेटी सचिव से कहा कि वे अपनी अपनी मंडियों और खरीद केंद्रों पर प्रवेश और निकासी द्वार पर सीसीटीवी लगवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी मंडियों में बायोमेट्रिक डिवाइस की उपलब्धता सुनिश्चित करे। किसान की फसल खरीद के समय बायोमेट्रिक सत्यापन होना अनिवार्य है इसलिए यह निर्बाध रूप से जारी रहनी चाहिए, इसके लिए सभी प्रकार की आवश्यक प्रबंध रखें। डीसी ने विशेष रूप से ई-खरीद पोर्टल के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि गेट पास जारी करने, फसल तुलाई और भुगतान से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित होनी चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि मंडियों में साफ-सफाई, पीने के पानी, शौचालय, बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखी जाएं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि खरीद सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्थाएं तुरंत लागू की जाएं। बैठक में एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, डीएसपी संजय कुमार, डीएफएससी कुशल बूरा, डीआईओ सिकंदर, जीएम हेफेड मांगेराम बेनीवाल, डीडीए राजेश सिहाग सहित विभिन्न खरीद एजेंसियों के अधिकारी और मार्केट कमेटी के अधिकारी मौजूद रहे।

### किसानों को फसल नुकसान पर मिलेगा आर्थिक सुरक्षा कवच

*सिरसा। हरियाणा के उद्यान विभाग द्वारा किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बागवानी फसलों की खेती करने वाले किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी उनकी आय प्रभावित न हो। इस योजना के तहत कुल 46 प्रकार की फसलों को शामिल किया गया है, जिनमें सब्जियां, फल और मसाले प्रमुख हैं। योजना के अनुसार सब्जियों व मसालों के लिए 30 हजार रुपये प्रति एकड़ तथा फलों के लिए 40 हजार रुपये प्रति एकड़ तक बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इसमें किसान को मात्र 2.5 प्रतिशत प्रीमियम देना होता है, जो कि सब्जियों व मसालों के लिए 750 रुपये प्रति एकड़ और फलों के लिए 1000 रुपये प्रति एकड़ निर्धारित किया गया है। योजना में मुआवजा राशि फसल के नुकसान के प्रतिशत के आधार पर तय की गई है। यदि नुकसान 0 से 25 प्रतिशत तक होता है तो कोई मुआवजा नहीं मिलता, जबकि 26 से 51 प्रतिशत नुकसान होने पर 50 प्रतिशत मुआवजा दिया जाता है। इसी प्रकार 51 से 75 प्रतिशत नुकसान पर 75 प्रतिशत और 75 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर 100 प्रतिशत मुआवजा किसानों को दिया जाता है। सब्जियों व मसालों के लिए अधिकतम 30 हजार रुपये और फलों के लिए 40 हजार रुपये तक मुआवजा निर्धारित है। इस योजना के अंतर्गत मुआवजा राशि सीधे पंजीकृत किसानों के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाती है, जो कि सर्वेक्षण के आधार पर तय होती है। योजना में टमाटर, प्याज, आलू, फूलगोभी, मटर, गाजर सहित 23 प्रकार की सब्जियां, आम, अमरूद, संतरा, अंगूर, अनार सहित 21 प्रकार के फल और हल्दी व लहसुन जैसे मसाले शामिल हैं।*



सिरसा। बैरागी भूपेश जैन का तिलक करते जैन समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

# बैरागी भूपेश जैन का तिलक समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

- 19 अप्रैल को बठिंडा में भूपेश जैन की भगवती दीक्षा आयोजित की जाएगी

एसएस जैनसभा में बैरागी भूपेश जैन की दीक्षा के उपलक्ष्य में तिलक समारोह का आयोजन किया गया। जैन सभा के सदस्य पारस जैन ने बताया कि 19 अप्रैल को बठिंडा में भूपेश जैन की भगवती दीक्षा आयोजित की जाएगी, इस अवसर पर जैन संत अरुण चंद्र महाराज द्वारा काली सुकाली का महामंगल पाठ किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक हो गया।

समारोह दौरान साधक भूपेश जैन ने कहा कि जैन दीक्षा लेना अपने आप में अत्यंत गौरव की बात है। इसे पूर्व जन्मों के पुण्यों का फल बताते हुए कहा कि उन्हें यह अवसर प्राप्त होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने अपने परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार की अनुमति और समर्थन से ही वे इस पवित्र मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी आह्वान किया कि वे धर्म के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाएं और आध्यात्मिकता को अपनाएं। जैन धर्म में दीक्षा को अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण प्रक्रिया माना जाता है, जिसमें व्यक्ति सांसारिक मोह-माया का त्याग कर आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर होता है। इस अवसर पर जैन समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।



भूना। डांस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने के बाद पलक गोयल। फोटो : हरिभूमि

# डांस में चमकी पलक, दूसरा स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

गणेश कॉलोनी भूना निवासी प्रतिभाशाली छात्रा पलक गोयल ने डांस के क्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन के दम पर एक बार फिर शानदार सफलता हासिल की है। चंडीगढ़ में केकेएचडी द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में पलक ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। पलक की इस उपलब्धि से न केवल भूना, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच पलक ने अपने हुनर, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास से निर्णायकों को प्रभावित किया। इससे पहले भी वह कई मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। बता दें कि पलक पिछले कुछ वर्षों से लगातार डांस की प्रैक्टिस कर रही हैं और अपने गुरुओं के मार्गदर्शन में इस मुकाम तक पहुंची हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही उनकी सफलता की असली वजह मानी जा रही है। इस उपलब्धि के बाद जैसे ही पलक भूना पहुंची, गणेश कॉलोनी में उनका जोरदार स्वागत किया गया। परिवार और क्षेत्र के लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। पलक के पिता संदीप गोयल ने कहा कि बेटी की यह सफलता उसकी लगन और कठिन परिश्रम का परिणाम है। वहीं प्रशिक्षकों ने भी पलक की निरंतरता और समर्पण की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भवनदीप सिंह और पावनी जैन बने बेस्ट प्लेयर

- गुमटसर गुरुद्वारे के पीछे बनी अकेडमी में खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

श्री गुमटसर स्पोर्ट्स टैलेंट लाइव ट्रस्ट, रतिया द्वारा गुमटसर गुरुद्वारे के पीछे बनी अकेडमी में रविवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि सुखजिंदर सिंह जटाना ने किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर खेल स्पर्धाओं की शुरुआत की और खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये अनुशासन और टीम वर्क की भावना भी पैदा करते हैं। इस प्रतियोगिता में शानदार खेल दिखाने वाले भवनदीप सिंह जटाना और पावनी जैन को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए बेस्ट प्लेयर के अवॉर्ड से नवाजा गया।



रतिया। खेल प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

प्रतियोगिता के दौरान हैंडबॉल, रस्साकसी, लॉन्ग जंप, हाई जंप, वॉक रेस और शॉटपुट के कड़े मुकाबले हुए। ट्रस्ट के संचालक एवं कोच हरदीप सिंह बोला ने परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि तीन किलोमीटर वॉक रेस में खुशदीप कौर बोला ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अशिमला दूसरे और प्रतिकौर तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में पावनी जैन ने बाजी मारी। परवाल और बरव्शनूर दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में तसविन्द्र कौर ने स्वर्ण और गीता रानी ने रजत पदक जीता। शॉटपुट में पावनी जैन प्रथम और रमनदीप कौर द्वितीय स्थान पर रहीं। बैक थ्रो में यशिका गोयल ने प्रथम, लिंकू रानी ने द्वितीय और रीटा अरोड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में कणिका ने पहला, सिमरन ने दूसरा और हरदीप कौर ने तीसरा स्थान पाया। लडक़ों के वर्ग में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली जिसके तहत शॉटपुट में गुरनूर गिनी ने प्रथम, गुरप्रीत ने द्वितीय और हैप्पी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### डिस्कस थ्रो में मारी बाजी

डिस्कस थ्रो में भवनदीप सिंह ने पहला स्थान झटका। कार्तिक दूसरे और दीशांन कुमार तीसरे पायदान पर रहे। पांच किलोमीटर दौड़ में दलीप बोहरा ने जीत दर्ज की, जबकि मनलिन्द और युवराज ने दूसरा व तीसरा स्थान पाया। 400 मीटर दौड़ में भवनदीप सिंह ने प्रथम, हरविन्द्र बांदी ने द्वितीय और दक्ष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में ईशरीत औलख ने स्वर्ण, कुरफतेह सिंह ने रजत और शौर्य कुमार ने कांस्य पदक जीता। हैंडबॉल में एमके एकेडमी भरपूर की टीम विजेता रही, जबकि जाखण दादी ढाणी की टीम दूसरे स्थान पर रही। रस्साकसी में श्री गुमटसर एकेडमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और खोखर ढाणी की टीम उपविजेता रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि और कमेटी सदस्यों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# नागर जगजीवनपुरा पार्क बनेगा अल्ट्रा मॉडर्न, 19.66 लाख रुपये होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधा, ओपन जिम और झूले

शहर के जगजीवनपुरा स्थित दीनदयाल उपाध्याय पार्क को अल्ट्रा मॉडर्न पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए नगर परिषद प्रशासन की ओर से योजना बनाई गई है। इस प्रोजेक्ट के लिए नगर परिषद की ओर से टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। अल्ट्रा मॉडर्न पार्क तैयार करने के लिए 19 लाख 66 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। खास बात यह है कि पार्क को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया जाएगा। उनके लिए विशेष रास्ते, बैठने की व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे वे बिना किसी परेशानी के पार्क का उपयोग कर सकें।

योजना के तहत पार्क में नए पौधे लगाए जाएंगे। ओपन जिम में हैंगिंग झूला, दो पहियों वाला शोल्डर बिल्डर/ आर्म व्हील जैसे उपकरण लगाए जाएंगे। पार्क में बाथरूम तक भी दिव्यांगजनों के अनुकूल तैयार किए जाएंगे। उच्च गुणवत्ता वाली पाउडर-कोटेड/माइल्ड स्टील ट्यूबलर फ्रेम से बनी मानक मैनुअल व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा और अगले छह महीनों के भीतर इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उनका मानना है कि इस पार्क के विकसित होने से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को बेहतर सार्वजनिक स्थान मिलेगा। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए यह पार्क बेहतर सुविधा साबित होगा।

### सीनियर सिटीजन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने मनाया संयुक्त जन्मदिन समारोह

**रतिया।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट की मासिक मीटिंग ट्रस्ट के कार्यालय में संपन्न हुई। मीटिंग में सर्वप्रथम वरिष्ठ सदस्य डॉ नरेश गोयल के बड़े भाई के निधन एवं वरिष्ठ सदस्य वीरभान बंसल की बड़ी बहन के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर दोनों दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। उपरांत मीटिंग में सीनियर सिटीजन होम का नक्शा बनवाने एवं निर्माण कार्य शुरू करने पर गहन चर्चा करके भवन निर्माण के लिए 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई, जिसमें ईश्वर दास अरोड़ा को प्रोजेक्ट चेयरमैन और सदस्यों में गगन स्वरूप मंगला, गोपाल चंद कूलरियां, लेफ्टिनेंट हरभजन सिंह, गुरनाम सिंह तेलीवाड़ा एवं तेजिन्द्र सिंह औजला शामिल किए गए। प्रधान एडवोकेट बिक्कर सिंह ने आगे बताया कि मार्च महीने में आठ सदस्यों का जन्मदिन है, जिनमें बलिंद्र शर्मा, इकबाल सिंह खोखर, सुखदेव सिंह सिद्धू, डॉ. सोम गोयल, सत्यप्रकाश जैन, भुषण कुमार गर्ग, कैप्टन जगजीत सिंह, ईश्वर दास अरोड़ा शामिल हैं। इन सभी महानुभावों का केक काट कर जन्मदिन की खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर राम पाल जिंदल, गोपाल चंद कुलरियां, शिशन पाल मंगला, गुरनाम सिंह तेलीवाड़ा, कृष्ण सिंह चित्रकार, धर्म पाल कानूनगो, मा. मेजर सिंह, मा. राज कुमार खिप्पल, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट हरभजन सिंह, मदनलाल सिंगला, पवन कुमार साबुन फैक्ट्री वाले एवं तेजिन्द्र सिंह औजला मौजूद थे।

# 100 मीटर दौड़ में रजनी प्रथम, भारती दूसरे और खुशी तीसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

- नागर स्पोर्ट्स टैलेंट लाइव अकादमी रतिया ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल रतिया में खेल प्रतियोगिता का किया आयोजन
- 200 मीटर स्पर्धा में इंदौर के अरमान ने स्वर्ण पदक कब्जाया

नागर स्पोर्ट्स टैलेंट लाइव अकादमी रतिया द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्कूल रतिया में रविवार को खेल प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के खिलाडिय़ों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया।

पूरी प्रतियोगिता कोच रघुवीर सिंह और सपना रानी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर मास्टर धर्मवीर, विजय चिलाना, रामनिवास, मास्टर सुखदीप, विक्की और अंग्रेज कौर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान अलग-अलग स्पर्धाओं में खिलाडिय़ों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आज के खेल में नवी कुमार और अर्शिया रानी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। इस दौरान अंडर वर्ग 17 वर्ग बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रजनी ने अपनी रफ्तार का जलवा दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भारती चौहान दूसरे स्थान पर रहीं और इंदौर की खुशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर 14 वर्ग 200 मीटर दौड़ बालकों की 200 मीटर स्पर्धा में इंदौर के अरमान ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। सौरभ ने कड़ी टक्कर देते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अमर तीसरे स्थान पर रहे।

# गुम मोबाइल के जरिए की 90 हजार की ठगी

## साइबर पुलिस ने आरोपी को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबा।

गुम मोबाइल के जरिए हजारों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि इस संबंध में 11 फरवरी को नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता पोकर सिंह निवासी रत्ता खेड़ा, जिला फतेहाबाद ने अपनी शिकायत में कहा था कि 10 फरवरी 2026 को उसका मोबाइल फोन गुम हो गया था। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल का दुरुपयोग करते हुए यूपीआई के माध्यम से उनके पंजाब नेशनल बैंक, रतिया स्थित खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन कुल 90 हजार रुपये की राशि निकाल ली गई। जब उसे इसका पता चला तो उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में शिकायतकर्ता के बयान दर्ज करवाने पर पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में अपराध पाए जाने पर 16 मार्च को थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे काबू किया। आरोपी की पहचान प्रिंस कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी रत्ता खेड़ा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई, जिसने गुम मोबाइल का गलत इस्तेमाल कर उक्त धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है तथा मामले में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की जांच जारी है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में हजारों की ठगी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## अभियान का उद्देश्य अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा

# पुलिस ने रातभर चलाया नाइट डोमिनेशन अभियान

- एसपी ने नाकों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के नेतृत्व में सिरसा पुलिस द्वारा शनिवार रात्रि को जिला भर में व्यापक स्तर पर नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा।

अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने नाकों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिले के भीतर तथा बाहरी क्षेत्रों से आने जाने वाले सभी वाहनों एवं व्यक्तियों की गहनता से जांच की जाए। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले की सीमाओं से लगे पंजाब एवं राजस्थान राज्यों की सीमाओं पर स्थापित नाकों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। इन सीमावर्ती क्षेत्रों में आवागमन करने वाले वाहनों की सघन चेकिंग सुनिश्चित की गई, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने पुलिस बल को निर्देश दिया कि वे पूरी मुस्तैदी एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।



सिरसा। नाइट डोमिनेशन अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### नाके लगाकर वाहनों की जांच की गई

*नाइट डोमिनेशन अभियान में जिला के सभी डीएसपी, एसएचओ, चौकी प्रभारी सहित काफी संख्या में पुलिस बल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान करीब 20 वाहनों के चालान भी किए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार के अभियान भविष्य में जारी रहेंगे, ताकि अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सिरसा पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।*

## खबर संक्षेप




### शिविर में हुई शुगर, बीपी और वजन की जांच

**फतेहाबाद।** केशव माधव सेवा ट्रस्ट, फतेहाबाद द्वारा जवाहर चौक में स्थित डॉ. चौधरी अस्पताल के नजदीक में ब्लड- प्रेशर, शुगर व वजन की जांच के लिए निःशुल्क जांच कैंप लगाया गया। इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र मेहता व उनकी टीम लवली नारंग, सिकंदर द्वारा 37 लोगों की निःशुल्क जांच की गई। शिविर की व्यवस्था केशव-माधव सेवा ट्रस्ट के सदस्य नीरज बठेजा, श्री राम स्टील, जवाहर चौक द्वारा की गई। इस अवसर पर राधेश्याम झाझड़ा, धीरज चौधरी, सक्षम सचदेवा, अनिल पूनिया, रमेश जोइया, सुमित कुमार, योगेश कुमार, धर्मपाल चावला, राकेश सचदेवा उपस्थित थे। यह जानकारी केशव माधव सेवा ट्रस्ट के सचिव नरेश बंसल ने दी।

### 2 को मनाया जाएगा हनुमान का प्रकटोत्सव

**सिरसा।** श्री अखंड ज्योति संकट मोचन हनुमान मंदिर ओढां में 2 अप्रैल को श्री बालाजी का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि आगामी वीरवार को सुबह हनुमान जी के स्वरूप को विधिपूर्वक स्नान करवाकर नए वस्त्र धारण करवाए जाएंगे। उसके बाद सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट के उपप्रधान सहदेव गोदारा ने बताया कि 9.15 बजे हवन यज्ञ के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### 15 विद्यार्थियों को वितरित की साइकिलें

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खैरपुर में स्कूल प्रबंधन की ओर से कक्षा 6 के अनुसूचित जाति वर्ग के 15 विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्राचार्या आशा रानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान प्राचार्या आशा रानी ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी स्कूल तक पहुंच को आसान बनाना है।

### जिले में अगले तीन दिन आंधी-बारिश का अलर्ट जारी

# फतेहाबाद में देर शाम तेज बारिश पानी भरने से यातायात प्रभावित

- तेज हवा के साथ बारिश से फसलों में भारी की नुकसान की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जिले में रविवार देर शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली। दिनभर गर्मी और उमस के बाद शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं सड़कों पर पानी भरने से यातायात भी प्रभावित रहा। शहर के बाजारों और मुख्य मार्गों पर अचानक बारिश होने से लोग जहां-तहां छिपने को मजबूर हो गए। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर तेज हवा के कारण पेड़ों की टहनियां भी टूटकर सड़कों पर गिर गईं। हालांकि बारिश अधिक देर तक नहीं चली, लेकिन तेज बौछारों ने मौसम को पूरी तरह सुहावना बना दिया। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मौसम में बदलाव बना रहेगा। विभाग ने अगले तीन दिन यानी 1 अप्रैल तक प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर गरज-चमक और ओलावृष्टि की भी संभावना से इंकार नहीं किया गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस दौरान हवा की गति तेज रह सकती है, जिससे किसानों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। खासकर जिन किसानों की फसल कटाई के लिए तैयार है, उन्हें मौसम को देखते हुए सावधानी बरतने की जरूरत है। अचानक आई बारिश से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान होने की आशंका भी बनी रहती है।



**फतेहाबाद।** बारिश के दौरान सड़कों पर गुजरते वाहन।

#### तापमान में दर्ज हुई गिरावट

इधर, मौसम में आए इस बदलाव से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को देर शाम हुई बारिश के बाद वातावरण ठंडा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रहने और बीच-बीच में बारिश होने की संभावना है। प्रशासन ने भी लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की अपील की है। साथ ही तेज हवा और बारिश के समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि गेहूं की फसल पककर तैयार है। किसानों ने गेहूं कटाई के लिए कंबाइन की बुकिंग भी कर ली है,अगले सप्ताह गेहूं की कटाई शुरू होनी थी। अब किसान मौसम को देख कर ही गेहूं कटाई पर ध्यान दे। गेहूं कटाई के लिए जल्दी न करे। कृषि उपनिदेशक डॉ राजेश सिहाग का कहना है किसान मौसम को देख कर ही गेहूं की कटाई करें।

# भारत में तेजी से बढ़ रहे मधुमेह एवं थायरॉइड संबंधित रोगः डॉ. लक्ष्मीप्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल आशीर्वाद रविवार को प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. लक्ष्मीप्रिया ने बताया कि आज देश में मधुमेह एवं थायरॉइड विकार से संबंधित रोग भारत में तीव्रता से बढ़ रहे हैं। आंकड़ों का जिक्र करते हुए डॉ. लक्ष्मी प्रिया ने कहा कि वर्तमान में भारत में 7.7 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से पीड़ित हैं जिसमें औसतन प्रति 1000 जनसंख्या में 50 से 70 व्यक्ति शामिल हैं। इसी प्रकार, लगभग 4.2 करोड़ भारतीय थायरॉइड रोगों से प्रभावित हैं। थायरॉइड रोगों में मुख्यतः हाइपोथायरॉइडिज्म, हाइपरथायरॉइडिज्म, घेंघा, थायरॉइड गांठें तथा स्व-प्रतिरक्षित विकार शामिल हैं, जो शरीर के चयापचय एवं समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। उन्होंने बताया कि एंडोक्राइन रोग केवल व्यस्कों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों में भी इनका प्रभाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। जन्मजात हाइपोथायरॉइडिज्म लगभग प्रत्येक 2500-2800 नवजात शिशुओं में 1 में पाया जाता है, और यदि समय पर उपचार न मिले तो यह मानसिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। मौके पर उनके साथ डॉ. पी. दयाल, डॉ. विनय सिंगला, डॉ. पंकज गर्ग, डॉ. दीप्ति, डॉ. रवनीत आदि भी विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ मौजूद थे।


**सिरसा।** पत्रकारों से रूबरू होती डॉ. लक्ष्मीप्रिया व डॉ. विनय सिंगला।

### 36 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने एक व्यक्ति को 36 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया सदर थाना की एक पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव खाजाखेड़ा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक व्यक्ति अपने हाथ में प्लास्टिक का गट्टा लिए हुए आता हुआ दिखाई दिया। उक्त व्यक्ति ने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने उक्त व्यक्ति को काबू कर नियमानुसार उसकी तलाशी ली तो उसमें से 36 बोतल देसी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान राहुल निवासी गौशाला मौहल्ला सिरसा के रुप मे हुई है।

# साइबर ठगों के प्रलोभन में न आएं आमजनः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने आमजन को साइबर धोखाधड़ी के नए तरीकों से जागरूक रहने व साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधियों द्वारा भविष्य बताने, ऑनलाइन ज्योतिष, लॉटरी/इनाम, घर बैठे मोटी कमाई जैसे झूठे प्रलोभनों के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ये ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, फर्जी वेबसाइट्स व मोबाइल ऐप्स के जरिए लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। उन्होंने आमजन को सचेत करते हुए कहा कि ठगों से बचने के लिए कुछ उपाय अपनाएं जिसमें किसी भी अनजान व्यक्ति या ऑनलाइन ऑफर पर आंख बंद करके भरोसा न करें। साथ ही जल्दी पैसा कमाने या भविष्य बदलने के दावों को सत्यापित करें, पासवर्ड या बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करें, संदिग्ध लिंक/ऐप पर क्लिक या डाउनलोड करने से बचें, केवल अधिकृत व विश्वसनीय प्लेटफॉर्म पर ही वित्तीय लेन-देन करें तथा सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग्स सुरक्षित रखें।

# छात्रों को जल उपयोग पर दी जानकारी

## जेसीडी कॉलेज में जल संरक्षण विषय पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में रविवार को जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसमें विद्यार्थियों को जल के महत्व एवं इसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में रमेश गोयल ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण और जल के अंधाधुंध दोहन के कारण जल संकट एक गंभीर वैश्विक समस्या बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्षा जल संचयन, पानी के पुनः उपयोग और जल के विवेकपूर्ण उपयोग जैसे उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में अपनाए जा सकने वाले सरल उपायों के बारे में भी बताया गया, जैसे नलों को अनावश्यक रूप से खुला न छोडऩा, पानी का दुरुपयोग न करना तथा वर्षा जल संचयन को अपनाना।


**सिरसा।** कार्यक्रम को संबोधित करते रमेश गोयल।

# पुलिस ने खैरातीखेड़ा में चलाया तलाशी अभियान

## डॉग स्क्वॉड व कमांडो ने घेराबंदी कर संदिग्ध लोगों की सघन जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने खैरातीखेडा रोड क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। अभियान में डॉग स्क्वॉड टीम, कमांडो टीम और स्थानीय पुलिस बल को तैनात किया गया, ताकि नशा तस्करी, अवैध असलहा और अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि सूचना के आधार पर यह तलाशी अभियान नियोजित किया गया था। टीम ने इलाके में घेराबंदी कर संदेहित व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की। डॉग स्क्वॉड टीम के साथ की गई तलाशी के दौरान विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई और हर पहलू की गंभीरता से जांच की गई। पुलिस ने सभी गतिविधियों को नियमानुसार अंजाम दिया और किसी भी तरह की अनियमितता की स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की। अभियान के दौरान पुलिस ने स्थानीय निवासियों से भी संवाद स्थापित कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और उन्हें नशा तस्करी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया।


**फतेहाबाद।** तलाशी अभियान चलाती पुलिस टीम।

#### अफसरों को जांच सौंपी

पुलिस टीम ने आसपास के संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान देते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया और किसी भी अवैध नशीले पदार्थ या संदिग्ध सामग्री की तलाश की। अभियान के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान प्राप्त संदिग्ध सामग्री को नियमानुसार कब्जे में लेकर आगामी जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया।

# विकास के लिए नीति निर्माण की प्रक्रिया को राजनीतिक प्रभाव से अलग होना जरूरीः प्राचार्य

- व्यापार, विकास और पर्यावरण : चुनौतियां व अवसर विषय पर हुआ अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय महाविद्यालय सिरसा में व्यापार, विकास और पर्यावरणः उभरती चुनौतियां और अवसर विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत ने कहा कि विकास की दौड़ में पर्यावरण की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त की तथा यह प्रश्न उठाया कि सतत विकास के लिए नीति निर्माण की प्रक्रिया को राजनीतिक प्रभाव से किस प्रकार अलग किया जा सकता है। प्रो. मनोज सिवाच ने बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकास और स्थिरताः उभरती चुनौतियां और अवसर विषय पर अपना मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आज विकास का केंद्रीय प्रश्न यह है कि क्या बढ़ते हुए अंतर्विरोधों के बीच विकास सतत रह सकता है? उन्होंने अपने व्याख्यान को तीन भागों वैश्विक परिप्रेक्ष्य, विश्लेषणात्मक कोर एवं संश्लेषण में विभाजित करते हुए आर्थिक, तकनीकी, व्यापारिक एवं पारिस्थितिक परिवर्तनों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने विकास बनाम असमानता, तकनीक बनाम रोजगार तथा विस्तार बनाम पारिस्थितिकी जैसे प्रमुख अंतर्विरोधों को रेखांकित किया। पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. बलविंद्र सिंह टिवाना ने मुख्य वक्तव्य दिया।


**सिरसा।** सेमिनार को संबोधित करते वक्ता।

#### प्राकृतिक संसाधन विकास में महत्वपूर्ण

प्रो. टिवाना ने कहा कि विभिन्न देशों के बीच प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण की होड़ यह दर्शाती है कि सतत विकास में इन संसाधनों का कितना महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में डॉलर के अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित होने की प्रक्रिया, डी-डॉलराइजेशन की अवधारणा, वर्तमान परिदृश्य तथा प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण में शक्ति का विश्लेषण प्रस्तुत किया।

### शाह सतनाम स्कूल का वार्षिक परिणाम रहा शानदार

**सिरसा।** शाह सतनाम बॉयज स्कूल सिरसा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम रविवार को अभिभावक-अध्यापक दिवस के अवसर पर घोषित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य राकेश धवन ने बताया कि एलकेजी से 9वीं व 11वीं कक्षा का परिणाम जारी किया गया, जिसमें लगभग 1200 विद्यार्थी शामिल रहे। ओवरऑल प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रबंधकीय कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह, रिटायर्ड कर्नल नरेंद्रपाल सिंह एवं श्रीमती हिमानी, डॉ. आर. के. चौहान, रामकिशन बजाज, स्कूल प्रशासक डॉ. हरदीप सिंह, प्रधानाचार्य राकेश धवन, उप-प्रधानाचार्य विपिन व अकादमिक को-ऑर्डिनेटर गुरप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी।

# हेलमेट जीवन रक्षा के लिए जरूरीः सिंह

## लोगों को हेलमेट वितरित कर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सडक़ सुरक्षा को बढ़ावा देने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से नीलम गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को एक निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्व. नीलम गुप्ता एवं स्व. दीपक गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि ट्रैफिक थाना प्रभारी सुखदेव सिंह व पूर्व पार्षद सुशील सैनी रहे, जबकि यातायात थाने के सब इंस्पेक्टर हरफूल सिंह विशिष्ट अतिथि थे। थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने सडक़ सुरक्षा के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज के समय में बढ़ती सडक़ दुर्घटनाओं का मुख्य कारण लापरवाही और सुरक्षा नियमों की अनदेखी है। हेलमेट पहनना न केवल कानूनी अनिवार्यता है, बल्कि यह जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे स्वयं भी हेलमेट का प्रयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। ट्रस्ट सदस्यों ने नीलम गुप्ता और दीपक गुप्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक भवानी शंकर साहुवाला के साथ एडवोकेट गोविंद गोयल, संजय तायल, गोविंद वर्मा, संदीप गर्ग, संजय आदि रहे।



**सिरसा।** हेलमेट वितरण कार्यक्रम में पहुंचे यातायात प्रभारी।

# बीते सप्ताह में यातायात अवरुद्ध करने वाले 132 वाहनों के चालान किएः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

डबवाली के यातायात प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए ताकि हादसों में जानें न जा सकें। इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह में यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रिपल राइडिंग के 35, बिना नंबर प्लेट वाहन के 25, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 168, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति के 105, शराब पीकर वाहन चलाने पर 4, लेन चेंज ड्राइविंग के 51, भारतमाला रोड व राष्ट्रीय राजमार्गों पर भारी वाहन खड़े कर यातायात अवरूद्ध करने वाले 132 वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की। इतना ही नहीं बुलेट पटाखा बजाकर आमजन की शांति भंग करने वाले बुलेट मोटरसाइकिल पर भी कार्रवाई की गई और 4 मोटरसाइकिलों के साइलेंसर उतरवाए गए। गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के 42 व अनऑथराइज्ड लाइट का प्रयोग करने वाले 30 वाहन चालकों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए स्कूल बसों का चेकिंग अभियान चलाया गया और बस चालकों को सभी जरूरी कागजात रखने के निर्देश दिए।

#### चार स्कूल बसों का किया चालान

इसके तहत अनियमितता पाए जाने पर 4 स्कूली बसों का चालान भी किया गया। यातायात प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन चालक यातायात नियमों को अनदेखा कर अक्सर लापरवाही बरतते हैं, जिससे न केवल उनका बल्कि अन्य सडक़ उपयोगकर्ताओं का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि आमजन की जिंदगी बचाना है।

### अज्ञात एपीके फाइल से मोबाइल हैकिंग और डेटा चोरी का खतरा

# फर्जी एप व लिंक से बढ़ रहे साइबर अपराधः एसपी

- आमजन केवल आधिकारिक प्लेटफार्म से डाउनलोड करे ऐप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को सचेत करते हुए एपीके फाइल डाउनलोड करने को लेकर साइबर एडवाइजरी जारी की गई है। एसपी ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी लोगों को एपीके फाइल के माध्यम से ठगी और डेटा चोरी का शिकार बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी एपीके फाइल, अज्ञात लिंक और नकली ऐप के जरिए मोबाइल फोन में मैलवेयर इंस्टॉल कर देते हैं, जिससे यूजर की निजी जानकारी, बैंक डिटेल, ओटीपी और पासवर्ड चोरी हो सकते हैं। इस प्रकार की फाइलें डाउनलोड करने पर मोबाइल का पूरा नियंत्रण भी साइबर अपराधियों के हाथ में जा सकता है। एसपी ने लोगों से सावधानियां बरतने की अपील करते हुए कहा कि केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही ऐप डाउनलोड करें। अज्ञात वेबसाइट, सोशल मीडिया लिंक या व्हाट्सएप पर आई एपीके फाइल डाउनलोड न करें। मोबाइल में अज्ञात स्रोत से इंस्टॉलेशन की अनुमति बंद रखें। ऐप डाउनलोड करने से पहले उसकी रेटिंग, रिव्यू और डेवलपर की जानकारी अवश्य जांचें। अपने मोबाइल में एंटीवायरस और सिक्योरिटी अपडेट हमेशा ऑन रखें। कोई भी ऐप अनावश्यक परमिशन मांगे तो उसे तुरंत अनइंस्टॉल करें।


**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन।

#### ठगी का शिकार होने पर 1930 पर करें शिकायत

यदि कोई व्यक्ति एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद साइबर ठगी या डेटा चोरी का शिकार हो जाता है, तो वह तुरंत नजदीकी थाना या फतेहाबाद साइबर सेल से संपर्क करे अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाए। एसपी ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस साइबर अपराधों पर सतत निगरानी रख रही है और ऐसे मामलों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आमजन की सतर्कता ही मोबाइल सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## खबर संक्षेप

### भट्टूकलां पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान भट्टूकलां से मेहुवाला की ओर जा रही थी। इसी दौरान मेहुवाला हेड के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस वाहन को देखकर तुरंत पीछे मुडक़र जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस टीम ने उसे काबू कर पूछताछ की।

### हजारों की साइबर ठगी का आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** टोहाना की रहने वाली एक महिला से हजारों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान संदीप पुत्र सुभाष निवासी गांव बरसीन, जिला फतेहाबाद, हाल निवासी गांव कालवास, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि इस संबंध में 22 दिसंबर 2025 को नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी।

### परिवेदना समिति की बैठक आज

**फतेहाबाद।** जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आज दोपहर 3 बजे लघु सचिवालय के समीप स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता डीसी डॉ. विवेक भारती करेंगे। बैठक में कुल 12 परिवाद रखे जाएंगे। इस बारे जानकारी देते हुए सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में 2 परिवाद पिछली बैठक में रहे लंबित परिवाद है, जिनकी सुनवाई की जाएगी।

### पीडीएम स्कूल में हुआ स्कॉलरशिप टेस्ट

**भट्टूकलां।** गांव खाबड़ा कलां स्थितपीडीएम स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस परीक्षा में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रणसिंह रेपस्वाल, संचालक, एसपीजी ग्रुप, विजय सिंह बाघेला डायरेक्टर, शांति निकेतन स्कूल ढिंगसरा तथा रणधीर सिंह भादू, स्कूल इंचार्ज, राजकीय उच्च विद्यालय, कुम्हारिया ने भाग लिया।

### मारपीट कर नकदी छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रतिया।** ठेला संचालक से मारपीट कर हजारों की नगदी छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान हैप्पी उर्फ कालच पुत्र सुखदेव सिंह निवासी वार्ड नंबर 03, हनुमान चौक रतिया के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# जनगणना: 16 अप्रैल से ऑनलाइन पोर्टल होगा शुरू, आमजन को पहली बार स्वगणना की सुविधा, एक से 30 मई तक मकानों की गणना की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जनगणना 2027 में आम लोगों को पहली बार स्वगणना की सुविधा मिलेगी। लोग 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन जानकारी भर सकेंगे। एक से 30 मई तक मकानों की गणना की जाएगी। दूसरा चरण फरवरी 2027 तक होगा, जिसमें जनसंख्या की गणना होगी। यह घर-घर जाकर पूरी की जाएगी। यह जानकारी डीसी आफिस में जनगणना से जुड़ी एक कार्यशाला में दी गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने बताया कि जनगणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा। जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जनगणना-2027 का कार्य विधिवत रूप से एक मई में शुरू होगा। कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने जिला में जनगणना से संबंधित संसाधनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 का कार्य पूरी तरह से डिजिटल मोड में किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में होगी। पहले एक मई से मकानों को सूचीबद्ध किया जाएगा। इसमें मकान का एरिया, बिजली, पानी, सीवरेज, इंटरनेट केबल, वाहन आदि सुविधाओं को अंकित किया जाएगा।

### मास्टर ट्रेनरों ने फील्ड ट्रेनरों को जनगणना से संबंधित दी जानकारी

#### 6 ब्लॉक पर होगा एक सुपरवाइजर

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों ने फील्ड ट्रेनरों को जनगणना से संबंधित जानकारी दी। उनको पारदर्शी ढंग से गणना करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर आगे सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षित करेंगे। इसके बाद सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्रों में नियुक्त एल्युमिनेटरों (गणनाकारों) को प्रशिक्षण देंगे। यह एल्युमिनेटर मुख्य रूप से स्कूलों और अन्य निर्धारित केंद्रों पर तैनात किए जाएंगे, जो घर-घर जाकर जनसंख्या से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। फतेहाबाद जिला में 262 ब्लॉक बनाए गए है। एक ब्लॉक में अनुमानित 600 से 800 घर शामिल होंगे। हर ब्लॉक में घरों की गणना के लिए एक प्रगणक की ड्यूटी रहेगी। लगभग 6 ब्लॉक पर एक सुपरवाइजर द्वारा जनगणना कार्य पर निगरानी रखी जाएगी।



फतेहाबाद। जनगणना को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते डीसी।

#### 6 से 22 अप्रैल से ट्रेनिंग शुरू

जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए 6 अप्रैल से एमएम कॉलेज में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जो 22 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान कर्मचारियों को सर्वे के तरीके, डेटा संग्रहण और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद एक मई से घर-घर जाकर जनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा, जिसे 30 मई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा जनगणना कार्य को लेकर प्रशासन द्वारा आवश्यक संसाधनों की भी व्यवस्था की जा रही है। व्हीकल, प्रिंटिंग मैटेरियल, कंप्यूटर और अन्यू तकनीकी उपकरणों के लिए एक-एक लाख रुपये का फंड रखा गया है।

#### मकान गणना के यह प्रश्न पूछे जाएंगे

1. जनगणना मकान संख्या
2. मकान के फर्श की मुख्य निर्माण सामग्री क्या है।
3. मकान की दीवार की मुख्य निर्माण सामग्री क्या है।
4. मकान की छत की मुख्य निर्माण सामग्री क्या है।
5. मकान का उपयोग किस प्रकार का है। (रिहायशी/व्यावसायिक)
6. मकान की स्थिति कैसी है। (अच्छी/सामान्य/खराब)
7. मकान का स्वामित्व किसके पास है। (स्वयं/किराए पर/अन्य)
8. उपयोग में आने वाले कमरों की संख्या कितनी है।

### एमएसपी से महंगा बाजार भाव, किसानों ने सरकारी केंद्रों से बनाई दूरी

# ‘नहीं मिल रही सरसों’ एजेंसियों के हाथ दूसरे दिन भी रहे खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिला में सरसों की सरकारी खरीद का काम शनिवार से शुरू हो गया, लेकिन सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड ओर हरियाणा वेयर हाउस की झोली दूसरे दिन भी खाली रही। बाजार भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से ज्यादा होने के चलते पहले दिन जिले की तीनों मंडियों में सरकारी एजेंसियों को सरसों नहीं मिली। दरअसल बाजार में सरसों का भाव 6600 से 6900 के बीच चल रहा है, सरकारी दाम 6200 प्रति क्विंटल है। मार्केट कमेटी ने खरीद केंद्रों में प्रशासन ने बायोमेट्रिक मशीनों के साथ अपनी पूरी तैयारी कर रखी है। शनिवार से ही सरसों के सरकारी खरीद के लिए मार्केट कमेटी ने अनाज मंडी के मुख्य गेटों पर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी थी। जिला प्रशासन ने भी सरकारी खरीद की व्यवस्था बनाने के लिए मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए थे। सरकारी भाव 6200 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि प्राइवेट तौर पर करीब 6500 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है। इस बार सरकारी खरीद में फसल के मंडी में प्रवेश से लेकर बिक्री और भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया पोर्टल आधारित होगी। इस व्यवस्था में बायोमेट्रिक सत्यापन, क्यूआर कोड आधारित गेट पास और ऑनलाइन जे फॉर्म जैसी प्रक्रियाओं के जरिए खरीद कार्य पूरा होगा। नई व्यवस्था के अनुसार जब किसान अपनी फसल लेकर मंडी में पहुंचेंगे तब मंडी के मुख्य गेट पर सबसे पहले किसान के वाहन की फोटो पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इसके बाद बायोमेट्रिक सत्यापन और पोर्टल के माध्यम से किसान के लिए एक क्यूआर कोड जनरेट किया जाएगा। क्यूआर कोड के आधार पर किसान का गेट पास जारी किया जाएगा।

**क्यूआर कोड और बायोमेट्रिक से होगी खरीद**



फतेहाबाद। अनाज मंडी में लगी सरसों की ढेरी। फोटो: हरिभूमि

#### क्या कहते हैं अधिकारी

फतेहाबाद मार्केट कमेटी के सचिव अमित रोहिल्ला ने बताया कि फसलों खरीद को लेकर मार्केट कमेटी ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर रखी है। पिछले सीजन में फतेहाबाद में करीब साढ़े 28 हजार क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद हुई थी। मात्र करीब 1500 क्विंटल ही प्राइवेट खरीद हुई। इसके भट्टू मार्केट कमेटी सचिव निशांत सिंह ने बताया कि फसली सीजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। है। फसलों का रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए गेटों पर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

#### जिले की 3 मंडियों में होगी खरीद

सरसों फसल की सरकारी खरीद करने के लिए फतेहाबाद जिले की 3 मंडियों में बनाएं गए खरीद केंद्रों के लिए एजेंसियों निर्धारित कर दी गई है। जिले की 3 मंडियों फतेहाबाद, भट्टूकलां व भूना में सरसों फसल की सरकारी खरीद मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत खरीद होगी। बता दे सरसों के सरकारी खरीद करने के लिए फतेहाबाद में हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, भूना में हैफेड व भट्टू कलां में हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के माध्यम से खरीद की जाएगी।

#### कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई

*सरसों फसल की खरीद के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी है। खरीद केंद्र पर कर्मचारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। बारदाने की भी पूरी व्यवस्था है।*
*-मांगेराम, डीएम हैफेड फतेहाबाद।*

### 675 डिफाल्टरों की संपत्ति होगी कुर्क , ₹15.75 करोड़ बकाया

- बिलों का भुगतान न करने वाले डिफाल्टरों पर बिजली निगम ने दिखाई सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद/टोहाना

दक्षिण हरियाणा बिजली निगम ने टोहाना में लंबे समय से बिलों का भुगतान न करने वाले डिफाल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम ने ऐसे 675 उपभोक्ताओं की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी कर ली है, जिन पर कुल 15 करोड़ 75 लाख रुपए बकाया हैं। इन सभी उपभोक्ताओं को तीन-तीन नोटिस जारी किए जा चुके हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार, यदि उपभोक्ता अपने बिलों का भुगतान नहीं करते हैं, तो उनकी संपत्ति को राजस्व विभाग के माध्यम से जब्त करके बिल की वसूली की जाएगी। यह कदम बिजली बिलों की बकाया राशि वसूलने और राजस्व घाटा कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। निगम ने जिन 675 उपभोक्ताओं को चिन्हित किया है, उनमें से सात प्रमुख डिफाल्टरों की सूची अगले सप्ताह तक कार्यकारी अभियंता के माध्यम से राजस्व विभाग को भेजी जाएगी। इनमें न्यू मेडिकल इंक्लेव की सीमा रानी पर 12 लाख 22 हजार 176 रुपए, कमालवाला रोड की रितु रानी पर 1 लाख 59 हजार 233 रुपए, इंदिरा कॉलोनी फाटक पार की पार्वती देवी पर 1 लाख 60 हजार 416 रुपए का बिल बकाया है। इसी प्रकार दमकौरा रोड के रामप्रताप पर 80 हजार 757 रुपए, काली माता मंदिर रोड के मिचु राम पर 59 हजार 253 रुपए, भुना रोड के जोगिंदर सिंह पर 1 लाख 38 हजार 37 रुपए और रतिया रोड के प्रेमचंद पर 1 लाख 81 हजार 143 रुपए बकाया हैं।



टोहाना। अभियान बारे जानकारी देते निगम के अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### तैयारी शुरू

बिजली निगम के सीए देवीलाल और एसडीओ संजय सिंगला ने बताया कि निगम द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए भूमि कुर्क करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत नोटिस भेजे गए हैं और कार्यकारी अभियंता के माध्यम से राजस्व विभाग को लिखकर संपत्ति कुर्क करके बिलों की अदायगी सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं को अंतिम अवसर दिया गया है, इसके बाद किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी।

# पुलिसकर्मी से मारपीट कर वर्दी फाड़ने के मामले में दो काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने व पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान रमन पत्नी रविंद्र तथा बिट्टू पुत्र राममेहर निवासी लाली रोड रतिया के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि इस संबंध में 27 मार्च को नाकाबंदी ड्यूटी के दौरान यह घटना सामने आई। पुलिस टीम सरदूलगढ़ कैंचियों, फतेहाबाद रोड रतिया पर तैनात थी, जहां एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को चेक किया गया। मोटरसाइकिल सवार युवकों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, जिस पर मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई हेतु थाना ले जाया जा रहा था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों रमन व बिट्टू को काबू किया।



रतिया। पुलिस गिरफ्त में पुलिस कर्मचारी से मारपीट के आरोपी।

#### मामला दर्ज

इसी दौरान जब पुलिसकर्मी बड़ी नहर पुल के पास पहुंचे, तो मोटरसाइकिल पर बैठे युवकों ने वाहन रुकवा लिया। तभी एक महिला व एक अन्य युवक मौके पर आ गए और सभी ने मिलकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को घेरकर उसके साथ मारपीट की तथा उसकी सरकारी वर्दी फाड़ दी। घटना के दौरान सार्वजनिक लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिस पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल पुलिसकर्मी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल रतिया में भर्ती करवाया गया। पुलिस द्वारा मामले में शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर जांच करते हुए थाना शहर रतिया में मामला दर्ज किया गया।

# एक रुपया और नारियल में संपन्न हुआ विवाह

- दहेज मुक्त समाज की अनूठी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

आज के आधुनिक दौर में जहां शादियों में लाखों-करोड़ों का दिखावा और दहेज का लेन-देन आम बात हो गई है, वहीं फतेहाबाद के गांव भट्टूकलां में एक ऐसा विवाह संपन्न हुआ जिसने समाज के सामने सादगी और उच्च आदर्शों की नई परिभाषा पेश की है।

यहां एक दूल्हे ने बिना किसी दहेज के, मात्र एक रुपया और नारियल स्वीकार कर विवाह की रस्मों को पूरा किया। यह विवाह गांव भट्टू कलां की रहने वाली रेखा पुत्री बलवान सिंह बामणियां और सिरसा के गांव फरवाई खुर्द निवासी पवन कुमार पुत्र बंसीलाल के बीच संपन्न हुआ। इस विवाह की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें फिजूलखर्ची और आडंबर को पूरी तरह नकार दिया गया। विवाह की मुख्य विशेषता यह रही कि वर पक्ष ने किसी भी प्रकार के दहेज की मांग नहीं की और केवल शगुन के तौर पर एक रुपया और नारियल लेकर बेटी को अपनाया। पारंपरिक रीति-रिवाजों और संस्कारों को प्राथमिकता देते हुए बिना किसी दिखावे के शादी की रस्में पूरी की गई। दोनों परिवारों ने मिलकर यह सिद्ध किया कि शादी दो आत्माओं का पवित्र बंधन है। परिजनों ने कहा कि बेटी बोझ नहीं, बल्कि परिवार का सम्मान है।



भट्टूकलां। बिना दहेज विवाह करवाते परिजन। फोटो: हरिभूमि

#### समाज से अपील

इस सराहनीय पहल की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है। विवाह में उपस्थित ग्रामीणों और गणमान्य व्यक्तियों ने बामणियां और भूनण परिवार के इस कदम की खुलकर प्रशंसा की। लोगों का कहना है कि यदि समाज का हर वर्ग इसी तरह जागरूक हो जाए, तो दहेज जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। विवाह के उपरांत दोनों परिवारों ने समाज से अपील की है कि बेटियों को बोझ न समझें और सादगीपूर्ण विवाह को अपनाकर एक स्वस्थ और बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। यह आदर्श विवाह क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गया है।

*ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया*

# दुकान में लगी आग लाखों का सामान जला

- दुकान में पुराने व नए टीवी व अन्य उपकरण आग की भेंट चढ़ गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

खंड के गांव कुम्हारिया में एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपये का सामान स्वाहा हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। दुकान संचालक बलबीर नंबरदार ने बताया कि दुकान में धुंआ निकलते हुए दिखाई दिया। इसी दौरान आसपास के लोगों ने भी दुकान में धुंआ निकलते देखा तो तुरंत पानी की बाल्टी, डिब्बे आदि लेकर आग बुझाने को लेकर दौड़ पडे और करीबन आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान में पुराने व नए टीवी व अन्य उपकरण आग की भेंट चढ़ गए। बलबीर ने बताया कि शायद आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। आगजनी में उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उसने जिला प्रशासन से मांग की है कि उसे मुआवजा दिया जाए तकि वह अपना काम दोबारा से चलाया जा सके।



सिरसा। जला हुआ सामान दिखाता दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

**कार्यक्रम** राज्यसभा सांसद ने नागरिकों के साथ ‘मन की बात’ का किया सामूहिक श्रवण

*पर्यावरण संरक्षण के संदेशों को आत्म जीवन में उतारने का आह्वान किया*

# प्रधानमंत्री के विचारों से राष्ट्र निर्माण को मिल रही नई दिशा: सुभाष बराला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को गांव सिधानी के बूथ नंबर एक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम ‘मन की बात’ को सामूहिक रूप से सुना। उन्होंने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं, गांव के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं और युवाओं के साथ मिलकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के 132वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना। सांसद बराला ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सामाजिक एकजुटता के प्रति जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों को आत्म जीवन में उतारने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद बराला ने कहा प्रधानमंत्री ने देशवासियों को जनभागीदारी, आत्मनिर्भरता, स्वच्छता, नवाचार एवं सामाजिक उत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। ये विचार हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं और समाज के सभी वर्गों में जागरूकता व जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किरण शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष विक्की कामरा, चेयरमैन जगजीत सिंह, सोनू सरपंच, संजू सिधानी, अरुण गुप्ता, अमरीक सिंह, सतीश, आशु बांसल, गुरजेंट सिधानी, बिक्रम सिधानी मौजूद रहे।



टोहाना। गांव सिधानी में ग्रामीणो को संबोधित करते सांसद सुभाष बराला।

#### सामूहिक प्रयासों से देश नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा

उन्होंने कहा कि जब आमजन इन संदेशों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तो विकास की गति और अधिक तेज होती है तथा उसका लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचता है। सामूहिक प्रयासों से ही देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। जनभागीदारी और आत्मनिर्भरता जैसे मूल मंत्र न केवल व्यक्ति को सशक्त बनाते हैं, बल्कि देश को भी मजबूत आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाए और उसकी देखभाल करे, तो यह न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाएगा, बल्कि भावनात्मक रूप से भी समाज को जोड़ने का कार्य करेगा।